**प्रसार भारती**
**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.10 गुरूवार** **दिनांक 14.08.2025**

**मुख्य समाचारः—**

- **देश कल उनयासीवां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में लालकिले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र को संबोधित करेंगे—छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ध्वजारोहण करेंगे।**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर अब से कुछ देर बाद राष्ट्र को संबोधित करेंगी।**

- **केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जिन पुलिस अधिकारियों को विभिन्न पदकों से सम्मानित करने की घोषणा की है, उनमें छत्तीसगढ़ के भी पच्चीस पुलिस अधिकारी शामिल हैं।**

- **स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज रायपुर सहित विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया।**

**स्वतंत्रता दिवस—ध्वजारोहण**

देश कल उनयासीवां स्वतंत्रता दिवस मनाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और राष्ट्र को संबोधित करेंगे। वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस समारोह का विषय नया भारत है।

छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। मुख्य समारोह रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा, जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव, केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू बस्तर, उपमुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर और विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

इसी तरह, मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा, दयालदास बघेल गरियाबंद, केदार कश्यप बालोद, लखनलाल देवांगन कोरबा, श्याम बिहारी जायसवाल जशपुर, ओ.पी. चौधरी रायगढ़, लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर और टंकराम वर्मा जांजगीर–चांपा में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिलों में भी सांसद और विधायक ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों, वीर सैनिकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को शुभकामनाएं दी हैं।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा भवन कल आम नागरिकों के लिए सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक खुला रहेगा।

**राष्ट्रपति–संबोधन**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उनयासीवें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आज राष्ट्र को संबोधित करेंगी। यह संबोधन अब से कुछ देर बाद आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर प्रसारित होगा। यह दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिंदी और अंग्रेजी में प्रसारित होगा। इसके बाद दूरदर्शन के क्षेत्रीय चैनलों द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा। आकाशवाणी अपने संबंधित क्षेत्रीय नेटवर्क पर रात साढ़े नौ बजे से क्षेत्रीय भाषाओं में इसका प्रसारण करेगा।

## स्वतंत्रता दौड़

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के मरीन ड्राईव में आयोजित स्वतंत्रता दौड़ में शामिल हुए। इस दौड़ में बड़ी संख्या में युवाओं ने भी भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री साय ने कहा कि स्वतंत्रता दौड़ और तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी एकता, अखंडता और राष्ट्रीय गौरव का जीवंत प्रतीक है। इस अवसर पर खेल और युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा भी मौजूद थे।

## पुलिसकर्मी–पदक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस, अग्निशमन, होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा और सेवाओं के कुल एक हजार नब्बे कर्मियों को वीरता और सेवा पदक से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा है कि दो सौ तैंतीस कर्मियों को वीरता पदक, निन्यानवे कर्मियों को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पदक और सात सौ अंठावन कर्मियों को सराहनीय सेवा के लिए पदक से सम्मानित किया जाएगा।

जिन पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, उनमें छत्तीसगढ़ के भी पच्चीस पुलिस अधिकारी शामिल हैं। पेश है यह रिपोर्ट –

## हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में इन दिनों हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेश में तिरंगा यात्राएं भी निकाली जा रही हैं।

रायपुर के शहीद स्मारक भवन से कल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस यात्रा का शहर में जगह–जगह स्वागत किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तिरंगे के लिए

हमारे देश के लाखों लोगों ने अपना बलिदान दिया है। ऐसे लोगों की याद में ही तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है।

भिलाई में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा तिरंगा मोटरसाइकिल रैली और पैदल मार्च का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीआईएसएफ के उप महानिरीक्षक रोहित कटियार ने लोगों को अपने—अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया।

हर घर तिरंगा अभियान के तहत मुंगेली जिले के धरमपुरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई।

वहीं, बिलासपुर रेलमंडल द्वारा भी तिरंगा रैली और बाइक रैली का आयोजन किया गया।

**माओवादी मुठभेड़—जवान घायल**

मोहला—मानपुर जिले के मदनवाड़ा इलाके में कल देर शाम हुई मुठभेड़ में दो इनामी माओवादी मारे गए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने बताया कि मारे गए माओवादियों की पहचान कर ली गई है। जिनमें विजय रेड्डी पर कुल नब्बे लाख रूपये और लोकेश सलामे पर कुल छब्बीस लाख रूपये का इनाम घोषित था।

इधर, बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी का एक जवान घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी की टीम इंद्रावती इलाके में माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। इस दौरान आईईडी विस्फोट हो गया। घायल जवान की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

जिले के पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला पुलिस बल और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की टीम ने अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा छिपाकर रखे गए माओवादी सामग्री बरामद की है। वहीं, पामेड़ थाना क्षेत्र के उड़तामल्ला के जंगलों में माओवादियों द्वारा निर्मित एक स्मारक को सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया है।

बीजापुर जिले के ही बेलनार और बंगोली के जंगलों में भी सुरक्षा बलों ने तीन माओवादी स्मारकों को ध्वस्त कर दिया।

## मौसम

मौसम विभाग के अनुसार कम दबाव का एक क्षेत्र बनने की वजह से अगले एक सप्ताह के दौरान छत्तीसगढ़ के अधिकांश स्थानों पर वर्षा हो सकती है। मौसम विभाग ने दक्षिण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना भी जताई है।

## कुछ समाचार संक्षेप में

- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ में बासठ करोड़ छत्तीस लाख रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।
- भिलाई के कला मंदिर में आज आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने वरिष्ठ पत्रकार राहुल देव को पच्चीसवां वसुंधरा सम्मान प्रदान किया।
- रायपुर के मुक्ताकाशी मंच में आज छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी द्वारा भारत विभाजन विभीषिका दिवस पर राष्ट्रीय संगोष्ठी और चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रायपुर इकाई पंद्रह और सोलह अगस्त को नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत रायपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित करेगी।

- रायपुर के एक निजी महाविद्यालय में मेरा युवा भारत द्वारा "फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला" का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को केंद्र प्रायोजित प्रमुख योजनाओं की पात्रता, लाभ, आवेदन प्रक्रिया और शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी प्रदान करना था।

- संतान की लंबी आयु की कामना से जुड़ा हलषष्ठी का पर्व आज प्रदेशभर में परंपरा के अनुसार मनाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>